# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब0/498/2025 दिनांक : 13 /11/2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

**विषयः अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) सत्र 2024–25 के अंतर्गत डाटा अपलोड करने के संबंध में।**

**महोदय/महोदया,**

अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) सत्र 2024–25 हेतु पोर्टल पर डाटा अपलोड करने की अंतिम तिथि शासन द्वारा 15 नवम्बर, 2025 निर्धारित की गई है।

पूर्व में अनेक बार सूचना भेजे जाने के बावजूद, अनेक महाविद्यालयों द्वारा अभी तक पोर्टल पर डाटा अपलोड नहीं किया गया है, जो अत्यंत खेदजनक है तथा कार्य में शिथिलता को प्रदर्शित करता है।

अतः यह अन्तिम एवं कठोर सूचना दी जाती है कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि AISHE पोर्टल पर डाटा अपलोड की प्रक्रिया निर्धारित अंतिम तिथि 15 नवम्बर, 2025 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर दी जाये।

किसी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर महाविद्यालय नोडल अधिकारी प्रो० संजय चौधरी (मो० नं० 9412161633) से संपर्क कर सकते हैं।

निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण न करने वाले महाविद्यालयों की जिम्मेदारी स्वयं उनकी होगी।

भवदीय

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रभारी—कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. प्रो0 संजय चौधरी, नोडल अधिकारी, A.I.S.H.E.
3. प्रभारी विश्वविद्यालय बेवसाइट को इस आशय से कि सूचना का विश्वविद्यालय की बेवासाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।
4. अधिकृत एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को समस्त महाविद्यालयों की लॉगिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisvlett